एफ.एच.डी.-2

15327

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2013

एफ.एच.डी.-2 : हिन्दी में आधार पाठ्यक्रम

समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 50*

नोट : ***सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

खण्ड-क

निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर 250-300 (प्रत्येक) शब्दों में लिखिए।

1. तार्किक लेखन की प्रक्रिया का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 10

2. औपचारिक पत्र के विभिन्न प्रकारों का उल्लेख करते हुए उनकी विशेषताएँ बताइए। 10

3. 'निराला की साहित्य-साधना' का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए। 10

4. अपने प्रिय खिलाड़ी का साक्षात्कार लेने के लिए पाँच प्रश्न तैयार कीजिए। 10

5. 'जहाँ सुमति तहँ संपत्ति नाना 10
जहाँ कुमति तहँ विपत्ति निदाना।'
इस सूक्ति का भाव पल्लवन कीजिए।

खण्ड-ख

निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 (प्रत्येक) शब्दों में दीजिए।

6. भारत और इंग्लैण्ड के बीच हुए किसी क्रिकेट टेस्ट मैच का समाचार तैयार कीजिए। **5**

7. मौखिक सम्प्रेषण को सोदाहरण समझाइए। **5**

8. लेखन के विभिन्न प्रकारों का परिचय दीजिए। **5**

9. मुक्तिबोध के पत्रों की विशेषताएं बताइए। **5**

10. रिपोर्ट (प्रतिवेदन) का आशय स्पष्ट करते हुए उसके प्रकारों का उल्लेख कीजिए। **5**

11. राहुल सांकृत्यायन के यात्रा वृतांत का सारांश लिखिए। **5**

खण्ड-ग

12. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर 50 (प्रत्येक) शब्दों में दीजिए : **5x2=10**

    (a) संवादों के वर्गीकरण के प्रमुख आधार क्या हैं?

    (b) साक्षात्कार का आशय स्पष्ट कीजिए।

    (c) पत्र लेखन के प्रकारों का नामोल्लेख कीजिए।

    (d) किसी भी रचना में प्रस्तावना का क्या महत्व है?

    (e) डायरी की तीन विशेषताएं बताइए।

13. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर का चुनाव कीजिए : **5x1=5**

    (a) सफल सम्प्रेषण के लिए-

        (i) संदेश अस्पष्ट होना चाहिए

        (ii) संदर्भ की जरूरत नहीं होती

        (iii) श्रोता का होना आवश्यक नहीं है

        (iv) श्रोता को वक्ता का संदेश ठीक-ठीक समझ में आना चाहिए।

(b) हृदय रोग का कारण है-

  (i) आनुवंशिक
  (ii) आधुनिक जीवन शैली और गलत खान-पान
  (iii) हर किसी से हाथ मिलाना
  (iv) पाप-पुण्य

(c) 'एकलव्य के नोट्स' के लेखक हैं-

  (i) प्रेमचंद
  (ii) रेणु
  (iii) महादेवी वर्मा
  (iv) राहुल सांकृत्यायन

(d) रेडियो है-

  (i) एक दृश्य-श्रव्य माध्यम
  (ii) एक दृश्य माध्यम
  (iii) एक श्रव्य माध्यम
  (iv) एक मुद्रित माध्यम

(e) डायरी की भाषा होती है-

  (i) औपचारिक
  (ii) अनौपचारिक
  (iii) कार्यालयी
  (iv) अखबारी